IJCRT.ORG ISSN : 2320-2882

INTERNATIONAL JOURNAL OF CREATIVE RESEARCH THOUGHTS (IJCRT)

An International Open Access, Peer-reviewed, Refereed Journal

# ''मुरादाबाद जनपद में महिला कर्मियों की शिक्षा एवं स्वास्थ्य स्थिति का एक भौगोलिक अध्ययन''

**शोध निर्देशक–**
डॉ0 एस0 के0 शर्मा
अध्यक्ष एवं एसोसिएट प्रोफेसर
हिन्दू कालेज मुरादाबाद उ0प्र0

**शोधार्थिनी–**
मोनिका चौहान
भूगोल विभाग
हिन्दू कालेज मुरादाबाद उ0प्र0

## शोध सारांशः–

महिला कर्मियों के स्वास्थ्य शिक्षा एक ऐसे पेशे को सन्दर्भित करता है, जिसमें लोगों को उनके स्वास्थ्य के संवर्धन ,रख–रखाव और बहाली के बारे में सिखाया जाता है। इस पहलू में स्वास्थ्य मानसिक स्वास्थ्य शारीरिक स्वास्थ्य मनोवैज्ञानिक स्वास्थ्य, सामाजिक स्वास्थ्य, यौन स्वास्थ्य और प्रजनन स्वास्थ्य को संदर्भित करता है। हर वर्ष संक्रामक रोगों के कारण विश्व स्तर पर लाखों महिलाओं की जान चली जाती है। स्वास्थ्य शिक्षा एवं जन जागरूकता के अभाव के कारण महिलाओं में विभिन्न प्रकार की संक्रामक बीमारी बढ़ती जा रही है किन्तु शिक्षा महिलाओं में स्वतन्त्रता के पहले बहुत कम थी लेकिन स्वतन्त्रता के बाद महिला शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़त जा रही है। प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक विभिन्न पदों पर महिला कर्मियों की संख्या भारत सरकार द्वारा महिलाओं को रोजगार परक के साथ स्वास्थ्य शिक्षा के विभिन्न योजनाओं के माध्यम से मुरादाबाद में महिला कर्मियों के शिक्षा एवं स्वास्थ्य के भौगोलिक अध्ययन की समीक्षा अनेक बिन्दुओं के द्वारा महिला कर्मियों को स्वरोजगार कौशल विकास मिशन के माध्यम से रोजगार को बढ़ावा दे रही है और सामाजिक असमानता धीरे–धीरे समाप्त हो रही है। शिक्षा एवं स्वास्थ्य का महत्वपूर्ण योगदान माना जा रहा है।

## अध्ययन क्षेत्र की भौगोलिक स्थितिः–

प्रस्तुत अध्ययन क्षेत्र मुरादाबाद जनपद गंगा तथा रामगंगा नदियों के बेसिन के उपजाऊ मैदानी भागों में एक प्रसिद्ध पीतल की नगरी के नाम से प्रसिद्ध है। यह जनपद उत्तर के उत्तरी–पश्चिमी मध्य भाम मे स्थित है। इसका अक्षांशीय विस्तार 27°26′ से 28°15′ उत्तरी अक्षांश तथा 78° 4′ ये 79°6′ पूर्वी देशान्तर के मध्य स्थित है। जनपद का भौगोलिक क्षेत्रफल 2223.98 वर्ग किमी0 है। जनपद की आकृति आयताकार है। इस जनपद के उत्तर में नैनीताल के तराई क्षेत्र बिजनौर , दक्षिण में जनपद संभल तथा पूर्व जनपद रामपुर , पश्चिमी सीमा जे0 पी0 नगर अमरोहा स्थित है। 2011 की जनगणना के अनुसार कुल जनसंख्या 3126507 है जिसमें पुरूष 1640584 तथा महिला 1485923 जनसंख्या वृद्धि दर 2001 में 30.06 प्रतिशत तथा 2011 में 25.18 प्रतिशत है। साक्षरता 60.44 प्रतिशत है जिसमें पुरूष साक्षरता 68.57 प्रतिशत , महिला साक्षरता 51.59 प्रतिशत है। कुल ग्रामों की संख्या 1147 है। इस प्रकार अध्ययन क्षेत्र में महिला कर्मियों के शिक्षा एवं स्वास्थ्य के द्वारा सामाजिक ,आर्थिक ,मनोवैज्ञानिक , शारीरिक, राजनीतिक , कौशल तकनीक एवं सर्वांगीण विकास का आधार हैं । शोध छा़त्रा के द्वारा मुरादाबाद में महिलाओं की संख्या 2011 के अनुसार 1485923 है तथा शिक्षा का स्तर 51.59 प्रतिशत है। शिक्षा के स्तर पर महिला कर्मियों को रोजगार के विभिन्न आयाम मिलते है। बिना शिक्षा के महिला एवं मानव समुदाय का विकास सम्भव नहीं होगा । ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं की स्थिति दयनीय होती है क्योंकि ग्रामीण महिलाएं अधिकतर निरक्षर होती हैं तथा नगरीय क्षेत्रों में शिक्षा एवं रोजगार की अधिकता के कारण महिलाओं मे सामाजिक असमानता का विशेष अन्तर नहीं होता है।

## मुरादाबाद जनपद में साक्षरता 2011 के अनुसार विकास खण्डवारः–

| क्र0 सं0 | विकासखण्ड 2011 | कुल साक्षरता | पुरूष साक्षरता प्रतिशत | महिला साक्षरता जनसंख्या | महिला साक्षरता का प्रतिशत | कुल का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ठाकुरद्वारा | 123174 | 79.34 | 49421 | 58.38 | 69.35 |
| 2 | डिलारी | 136180 | 92.44 | 53421 | 53.09 | 71.62 |
| 3 | छजलैट | 130711 | 73. 84 | 51483 | 52.37 | 63.58 |
| 4 | भगतपुर टांडा | 105486 | 63.84 | 41045 | 44.66 | 54.76 |
| 5 | मुरादाबाद | 86446 | 68.47 | 33826 | 47.44 | 58.35 |
| 6 | मूंढापाण्डे | 104285 | 59.36 | 39307 | 40.05 | 50.23 |
| 7 | डीगरपुर | 131438 | 57.34 | 48085 | 36.44 | 47.39 |
| 8 | बिलारी | 101057 | 54.06 | 35583 | 35.39 | 45.59 |
| | योग ग्रामीण | 918777 | 67.19 | 352171 | 45.30 | 56.69 |
| | योग नगरीय | 659568 | 70.82 | 292600 | 61.93 | 66.58 |
| | योग जनपद | 1578348 | 68.57 | 644771 | 51.59 | 60.44 |

स्रोतः–सांख्यिकी पत्रिका मुरादाबाद जनपद 2017–18
भारतीय जनगणना कार्यात्मक मुरादाबाद 2011


शोधार्थिनी ने अपने अध्ययन क्षेत्र मुरादाबाद जनपद में महिलाओं के शिक्षा स्तर का विश्लेषण अध्ययन क्षेत्र के विभिन्न विकासखण्डों के द्वारा दर्शाया गया है। उच्चतम महिला साक्षरता वाले विकासखण्ड ठाकुरद्वारा 58.38 प्रतिशत ,डिलारी 53.09 प्रतिशत, छजलैट 52.37 प्रतिशत, मुरादाबाद 47.44 प्रतिशत उच्च शिक्षा के प्रखण्ड है तथा बिलारी 5.39 प्रतिशत ,डींगरपुर 36.44 प्रतिशत, मूढापाण्डे 40.05 प्रतिशत ,भगतपुर टांडा 44.66 प्रतिशत के विकासखण्ड न्यूनतम साक्षरता के प्रखण्ड हैं । इस प्रकार महिला साक्षरता का ग्रामीण क्षेत्र 45.30 प्रतिशत तथा नगरीय क्षेत्र 61.93 प्रतिशत साक्षरता का स्तर है। इस प्रकार महिला कर्मियों की भौगोलिक स्थिति की गणना के अनुसार विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की स्थिति ग्रामीण कृषि पर काग्र क्षेत्रों में अधिक है और नगरीय क्षेत्रों के विभिन्न विनिर्माण द्वितीय कार्यों में रोजगार अधिक होने के कारण महिलओं की स्थिति उच्च स्तर पर पाया जाता है। फिर भी शिक्षा एवं स्वास्थ्य के माध्यम से महिलाओं की स्थिति में सुधार एवं परिवर्तन बदलता जाता है। महिला कर्मियों की संख्या प्राथमिक कार्यों में अधिक है, क्योंकि ग्रामीण क्षेत्रों में 80 प्रति0 महिलाएँ कृषि कार्य करती है तथा नगरीय क्षेत्रों में 70 प्रति0 महिलाएं स्वरोजगार एवं विभिन्न क्षेत्रों के कार्यों में संलग्न रहती है। इस प्रकार महिला कर्मियों का विभिन्न क्षेत्रों की भौगोलिक स्थिति का अध्ययन शिक्षा सबसे बड़ा रोजगार विकसित करता है। जिस विकासखण्ड में महिलाओं की अच्छी साक्षरता होगी, वहीं विकासखण्ड महिला कर्मियों का अधिक रोजगार देगा , जहॉ पर साक्षरता अच्छी नही होगी महिला कर्मियों का जीवन स्तर निम्न होगा।

## मुरादाबाद जनपद में महिला कर्मियों के शिक्षण संस्थाओं की संख्या विकासखण्डवार 2017–18

| क्र0 सं0 | विकासखण्ड 2017–18 | प्राथमिक विद्यालय | उच्च प्रा0वि0 | | माध्यमिक विद्यालय | | महाविद्यालय | | स्ना0 महाविद्यालय | | औद्योगिक प्रशिक्षण | | वैकल्पिक शिक्षा केन्द्र |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | कुल | बालिका | कुल | बालिका | कुल | बालिका | कुल | बालिका | कुल | बालिका | |
| 1 | ठाकुरद्वारा | 288 | 103 | 1 | 48 | 4 | 5 | 2 | 2 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| 2 | डिलारी | 368 | 129 | 2 | 54 | 3 | 4 | 3 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 3 | छजलैट | 258 | 89 | 2 | 46 | 7 | 4 | 3 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 4 | भगतपुर टांडा | 409 | 140 | 2 | 39 | 2 | 2 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 5 | मुरादाबाद | 178 | 49 | 1 | 31 | 7 | 5 | 0 | 3 | 0 | 0 | 0 | 2 |
| 6 | मूंढापाण्डे | 342 | 102 | 2 | 32 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 7 | डीगरपुर | 284 | 94 | 2 | 28 | 1 | 4 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 8 | बिलारी | 230 | 88 | 4 | 35 | 2 | 3 | 1 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 |
| | योग ग्रामीण | 2357 | 794 | 16 | 313 | 28 | | 11 | 11 | 1 | 1 | 0 | 2 |
| | योग नगरीय | 230 | 88 | 4 | 35 | 2 | | 3 | 6 | 3 | 4 | 0 | 0 |
| | योग जनपद | 2587 | 882 | 20 | 348 | 30 | | 14 | 17 | 4 | 5 | 0 | 2 |

स्रोतः– 1–जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुरादाबाद
2–सांख्यिकी पत्रिका मुरादाबाद 2017–18

महिला कर्मियों की साक्षरता का आकलन अध्ययन क्षेत्र के विभिन्न विकास खण्डों में प्राथमिक शिक्षा, उच्च प्राथमिक शिक्षा, उच्च प्राथमिक ,माध्यमिक शिक्षा, महाविद्यालय, स्नात्कोत्तर महाविद्यालय तथा औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र तथा तकनीक कौशल विकास मिशन के द्वारा महिलाओं की शिक्षा का स्तर की जानकारी प्राप्त की जाती है। शोध छात्रा ने अपने अध्ययन क्षेत्र के विभिन्न विकासखण्ड में प्राथमिक विद्यालय ठाकुरद्वारा 288, डिलारी 368, छजलैट 28, भगतपुर 409, मुरादाबाद 178, मूंठापाण्डे 342, डीगरपुर 284, बिलारी 20, समस्त ग्रामीण क्षेत्रों में 257 प्राथमिक विद्यालय तथा नगरीय क्षेत्रों में 20 प्राथमिक विद्यालय केन्द्र हैं , उच्च माध्यमिक क्षेत्र में बालिका विद्यालय ठाकुरद्वारा 1, डिलार 2, डजलैट 2, भगतपुर टांडा 2, मुरादाबाद 1, मूठापाण्डे 2, डींगरपुर2, बिलारी 4, बालिका विद्यालय है । माध्यमिक बालिका विद्यालय ठाकुरद्वारा 4, छजलैट 7, मुरादाबाद 7,डिलारी , अधिकतम बालिका विद्यालय के विकासखण्ड है तथा डींगरपुर 1, बिलारी 2, मूढापाण्डे 2, भगतपुर टांडा 2, न्यूनतम बालिका विद्यालय के प्रखण्ड है। बालिका महाविद्यालय अधिकतम संख्या के प्रखण्ड डिलारी 3, छजलैट , ठाकुरद्वारा 2, तथा न्यूनतम बालिका महाविद्यालय के प्रखण्ड मुरादाबाद, मूढापाण्डे 0 है भगतपुर टांडा, डींगरपुर बिलारी में 1 बालिका महाविद्यालय है। स्नात्कोत्तर महाविद्यालय की संख्या ठाकुरद्वारा 1 तथा अन्य प्रखण्डों में भगतपुर टांडा छजलैट ,बिलारी, डिलारी ,मूढापाण्डे ,डींगरपुर में 0 बालिका स्नात्कोत्तर महाविद्यालय है नगरीय क्षेत्रों में स्नात्कोत्तर महाविद्यालय हैं। औद्योगिक एवं वैकल्पिक शिक्षण संस्थानों की संख्या बालिका शिक्षण संस्थान नहीं है। इस प्रकार महिला कर्मियों की शिक्षा सम्बन्धी रोजगार सामाजिक, आर्थिक ,राजनीतिक ,मनोवैज्ञानिक कार्यों का निर्धारण किया जा सकता है।




## मुरादाबाद जनपद में महिला कर्मियों का स्वास्थ्यः—

अध्ययन क्षेत्र मुरादाबाद जनपद में महिला कर्मियों के सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन(संविदा) कर्मचारी संघ ने स्थाई रोजगार की मॉग की है। महिला कर्मियों के स्वास्थ्य सम्बन्धी ऑकड़ों का विश्लेषण कर महिला स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत जिला महिला अस्पताल एवं ग्रामीण महिला स्वास्थ्य योजना के अन्तर्गत सम्पूर्ण्र महिला विकास स्वास्थ्य के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन 108 नम्बर तथा महिला प्रसूता कल्याण के लिए 102 नम्बर का महिला जनहित में लागू किया गया है। 'महिला समाज कल्याण

मिशन' के अन्तर्गत सम्पूर्ण महिला कर्मियों केस्वास्थ्य के लिए विभिन्न प्रखण्डों में आशा बहू एवं सरकारी महिला चिकित्सालय एवं औषधियों के माध्यम से ग्रामीण एवं नगरीय महिलाओं के स्वास्थ्य एवं रोजगार परक शिक्षा का प्रचार–प्रसार स्वास्थ्य मिशन कल्याण बोर्ड से जनहित में चलाया जाये।

## मुरादाबाद जनपद में महिला कर्मियों के स्वास्थ्य परिवार कल्याण केन्द्र

| क0 सं0 | विकासखण्ड | बालवाड़ी / आंगनबाड़ी केन्द्रों की संख्या | महिला युवा संगठनों की संख्या | महिला मण्डलों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ठाकुरद्वारा | 232 | 62 | 34 |
| 2 | डिलारी | 280 | 68 | 48 |
| 3 | छजलैट | 205 | 52 | 45 |
| 4 | भगतपुर टांडा | 243 | 30 | 25 |
| 5 | मुरादाबाद | 235 | 25 | 20 |
| 6 | मूंठापाण्डे | 268 | 40 | 35 |
| 7 | डीगरपुर | 353 | 60 | 55 |
| 8 | बिलारी | 275 | 55 | 50 |
| | योग ग्रामीण | 2091 | 392 | 312 |
| | योग नगरीय | 651 | 0 | 0 |
| | योग जनपद | 2742 | 392 | 312 |

स्रोतः– जनसांख्यिकीय पत्रिका मुरादाबाद जनपद 2017–18
राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मिशन 2017

अध्ययन क्षेत्र में महिला कर्मियों के विभिन्न संगठनों के द्वारा स्वास्थ्य युवा महिला मिशन के आधार पर विभिन्न विकासखण्डों में महिलाओं के बालवाड़ या आंगनवाड़ी केन्द्रों में महिला कर्मियों की संख्या का विवरण इस प्रकार है। ठाकुरद्वारा 243, मुरादाबाद 235, मूठापाण्डे 268, डींगरपुर 353 , बिलारी 275, केन्द्रों की संख्या है जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में 2092 तथा नगरीय क्षेत्रों मे 651 केन्द्र हैं । महिला युवा संगठनों के केन्द्रों के अनुसार अध्ययन क्षेत्र के विभिन्न विकासखण्डों में ठाकुर द्वारा 62, डिलारी 68, छजलैट 52, भगतपुर 30 , मुरादाबाद 25, मूठापाण्डे 40 ,डींगरपुर 65, बिलारी 55 है तथा ग्रामीण महिला युवा समाज 392 तथा नगरीय 0 है। महिला कर्मियों के मण्डलों की संख्या विभिन्न प्रखण्डों के द्वारा ठाकुरद्वारा 34, डिलारी 48, छजलैट 45, भगतपुर 25, मुरादाबाद 20, मूठापाण्डे 35, डींगरपुर 55 , बिलारी 50 है। कुल ग्रामीण महिला मण्डलों की संख्या 312 है , जबकि नगरीय क्षेत्रों में 0 है। इस प्रकार महिला कर्मियों के विभिन्न संगठनों के आधार पर भौगोलिक स्थिति का आकलन महिला कल्याण संगठनों के द्वारा किया गया है।

## मुरादाबाद जनपद में महिला स्वास्थ्य के विभिन्न चिकित्सालय केन्द्रः—

| क0 सं0 | विकासखण्ड | एलोपैथिक चिकित्सालय / औषधालय | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र | अन्य | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | आयुर्वेदिक | होम्योपैथिक | यूनानी |
| 1 | ठाकुरद्वारा | 2 | 1 | 4 | 2 | 0 | 2 |
| 2 | डिलारी | 0 | 1 | 5 | 0 | 0 | 3 |
| 3 | छजलैट | 1 | 1 | 4 | 2 | 0 | 1 |
| 4 | भगतपुर टांडा | 0 | 1 | 6 | 0 | 0 | 1 |
| 5 | मुरादाबाद | 0 | 0 | 3 | 3 | 0 | 3 |
| 6 | मूंढापाण्डे | 0 | 1 | 4 | 2 | 0 | 1 |
| 7 | डीगरपुर | 0 | 0 | 6 | 1 | 1 | 1 |
| 8 | बिलारी | 1 | 1 | 5 | 0 | 0 | 2 |
| | योग ग्रामीण | 4 | 6 | 37 | 10 | 1 | 14 |
| | योग नगरीय | 3 | 0 | 26 | 3 | 2 | 2 |
| | योग जनपद | 7 | 6 | 63 | 13 | 1 | 16 |

स्रोतः— सांख्यिकीय पत्रिका मुरादाबाद 2017—18

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत एलोपैथिक ,आयुर्वेदिक, यूनानी ,होम्योपैथिक चिकित्सालय या औषधालय केन्द्रों के द्वारा अध्ययन क्षेत्र में महिला स्वास्थ्य मिशन के द्वारा सम्पूर्ण स्वास्थ्य मानव समाज के कल्याण की कल्पना की गयी है। महिला कल्याण वोर्ड के अनुसार जिला महिला चिकित्सालय के द्वारा महिलाओं के विभिन्न संक्रामक रोगों का निवारण किया जाता है। फिर भी स्वस्थ समाज में स्वस्थ नागरिक का सम्पूर्ण सर्वांगीण विकास ही सम्भव है। मुरादाबाद जनपद में महिलाओं के केन्द्रों से विभिन्न प्रखण्डों मे एलोपैथिक सुविधा उपलब्ध है जिसमें ठाकुरद्वारा 2, छजलैट 1, बिलारी 1 केन्द्र है। ग्रामीण क्षेत्रों मे 4 तथा नगरीय क्षेत्रों में 3 केन्द्र औषधालय एवं चिकित्सालय केन्द्र है। सामुदायिक स्वास्थ्य के ग्रामीण क्षेत्रों में 6 नगरीय क्षेत्रों में 0 है। प्राथमिक केन्द्रों की संख्या ग्रामीण क्षेत्रों 37, तथा नगरीय क्षेत्रों में 26है। इस प्रकार विभिन्न प्रखण्डों में होम्यापैथिक के 14, ग्रामीण क्षेत्र तथा 2 नगरीय क्षेत्रों में कार्यरत है। आयुर्वेदिक चिकित्सा औषधालय केन्द्र ग्रामीण क्षेत्र में 10 तथा नगरीय क्षेत्रों में 3 केन्द्र है। इस प्रकार स्वास्थ्य सम्बन्धी ऑकड़े उपलब्ध है।

## महिला कर्मियों के स्वास्थ्य एवं शिक्षा का मूल्यांकनः—

अध्ययन क्षेत्र जनपद मुरादाबाद में महिला कर्मियों के स्वास्थ्य एवं शिक्षा के द्वारा महिलाओं के सामाजिक ,आर्थिक, राजनीतिक, शारीरिक, मनोवैज्ञानिक विकास की महत्वपूर्ण भूमिका शिक्षा एवं स्वास्थ्य की होती है।समाज के प्रत्येक वर्ग महिला समाज के उत्थान के लिए शिक्षा एवं स्वास्थ्य नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों की आधुनिक विकास की आधार शिला प्रदान करती है। शोध छात्रा अपने क्षेत्र में महिला कर्मियों के विकासखण्ड में उच्च स्वास्थ्य के कारण उच्च नागरिकता प्रदान करती है। आज का आधुनिक विद्वान अरस्तू ने लिखा है।

स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है। विश्व के विकसित समाज में महिलाओं के स्वास्थ्य एवं शिक्षा के माध्यम से सामाजिक क्षेत्र से लेकर प्रशासनिक क्षेत्र तक पुरूषों के साथ असमानता की खाई पटती जा रही है। एक शिक्षा महिला के द्वारा पूरे परिवार के लोग शिक्षित माने जाते है। उत्तर प्रदेश स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत महिलाओं के विकास के केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से महिला के मानवाधिकार को पूर्ण करने में शिक्षा एवं स्वास्थ्य की भूमिका अग्रणी मानी जाती है। महिला सुरक्षा, महिला समृद्ध ,महिला कल्याण, महिला चेतना, महिला सशक्तिकरण ,महिला कौशल विकास ,महिला खेल पुरस्कार ,महिला कर्मियों का विकास को तीव्र आधार प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका है।

# सन्दर्भ ग्रन्थ सूचीः–


1–जनपद सांख्यिकीय पत्रिका मुरादाबाद जनपद 2017–18।
2–राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उ0 प्र0 2015 ।
3–राष्ट्रीय जनगणना पत्रिका 2011 ।
4–समाचार पत्र, पत्रिका ,लेख, योजना ,कुरूक्षेत्र।
5–नदीम हुसैन– समकालीन भारतीय समाज 2004।
6–आर0 के0 मुखर्जी–वीमेन इन वैदिक एज 1990 ।
7–आशारानी बोहरा–नारी चेतना आफ अस्मिता की पहचान का दिन कुरूक्षेत्र 1998।
8– राधाकृष्णन–महिला आरक्षण नारी प्रश्न, नई दिल्ली 1998।
9–प्रभाती मुखर्जी– मैन इन इण्डिया , 1964।
10–राम अहूजा– राइम्स आफ ओमेन ए फमिनिस्ट पर्सऐक्टिव रावत पब्लिकेशन जयपुर 1992।
11–द हिन्दुस्तान टाइम्स –नई दिल्ली, 2000।
12–चन्द्रा–स्टेटस आफ वोमेन इन एन्सीएण्ट इण्डिया बाम्बे 1951।
13–डॉ0 श्रीमती सूद–प्रवीण ग्रामीण विकास एवं आर्थिक सहभागिता 2001।
14–प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना महिलाओं के सन्दर्भ 2015–18।
15–जनपदीय विकास पुस्तिका मुरादाबाद एक बिहंगम अवलोकन 2003–04।
16–नारी चेतना पत्रिका नई दिल्ली 2015।
17–डॉ श्रीमती सी0 मिश्रा–महिला मानवाधिकार नई दिल्ली –2005।
18–डॉ श्रीमती रंजना श्रीवास्तव–महिला संरक्षण निवारण का विश्लेषण भोपाल–2012।